# 46 छियालीसवाँ अध्याय

**46.1 Das Zustandsperfekt in Haupt- und Nebensätzen**

**(a) Lesen Sie die Frage und sprechen Sie miteinander.**

आप अपने रिश्तेदारों से एक साथ एक जगह पिछली बार कब मिले थे ?

**(b) Was bedeuten diese Verben? Welche sind intransitiv, welche transitiv?**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बैठना | लेना | लगना | बिछना | सजना | पहनना | लगाना |

**(c)** ***Auf einer Hochzeit*** **– Ergänzen Sie den Text nach dem Beispiel.**

घर में शादी की रौनक थी।
घर का हर कोना फूलों और लड़ियों से *सजा हुआ था*।
आँगन के बीचोंबीच मंडप ______________________।
ज़मीन पर पंगत ______________________।

पंगत पर बरातियों में वह भी ______________________।
वह हल्के गुलाबी रंग की साड़ी ______________________।
सर पर फ़िरोज़ी रंग का दुपट्टा ______________________।
पर सर पर वह सिंदूर भी ______________________।

**(d) Wie bildet und verwendet man das Zustandsperfekt?**

**(e) Lesen Sie die Frage und sprechen Sie miteinander.**

जिस जगह आप अपने रिश्तेदारों से मिले थे, वहाँ सब कैसा था ?

**46.2 Bilden Sie Sätze. In welchen Kontexten könnten Sie diese verwenden?**

**(a)** ***Sie hatte einen Sari an. / Er hatte eine Kurta und einen Pajama an.***

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ♀ साड़ी पहनना | बिंदी लगाना | इत्र लगाना | शॉल ओढ़ना | कंधे पर पर्स लटकाना |
| ♂ कुर्ता-पाजामा पहनना | पगड़ी बाँधना | जूतियाँ पहनना | हाथ में कैमरा लेना | |

1. कर रहा है — *वह साड़ी पहन रही है ।*
2. किया है — *उसने साड़ी पहनी है । / ... पहन ली है ।*
3. किए है — *वह साड़ी पहने है । / ... पहने हुए है ।*
4. पहनकर — *वह साड़ी पहनकर घर से निकली ।*
5. पहने (हुए) — *वह साड़ी पहने हुए बरात में आई ।*

**(b)** ***Dort war ein schöner Pavillon.***

| | | | |
|---|---|---|---|
| मंडप, लगना | फूल, मंडप पर सजना | लड़ियाँ, छज्जे से लटकना | सेज, सजना |

1. लग रहा था — *मंडप लग रहा था ।*
2. लगा हुआ होना — *मंडप लगा हुआ था ।*
3. लगा हुआ मंडप — *उनकी शादी में लगा हुआ मंडप बहुत सुंदर लग रहा था ।*
4. लगा हुआ, मंडप — *मंडप वहाँ लगा हुआ बहुत सुंदर लग रहा था ।*

**(c)** ***Mein Freund saß neben dem Feueraltar.***

| | | | |
|---|---|---|---|
| वेदी के पास बैठना | फेरे देखने के लिए रुकना | वेदी के पीछे खड़ा होना | दरी पर लेटना |

1. बैठ रहा था — *मेरा दोस्त वेदी के पास बैठ रहा था ।*
2. बैठा था — *जब रात को फेरे हो रहे थे, तो कुछ लोग वेदी के पास बैठे थे ।*
3. बैठा दोस्त — *वेदी के पास बैठा मेरा दोस्त खाना खा चुका था ।*
4. बैठा, दोस्त — *मेरा दोस्त वेदी के पास बैठे (बैठा) जूतों की रखवाली कर रहा था ।*

**46.3** ***Eine Reise im Annapurna-Gebirge in Nepal***

**(a) Lesen Sie die Frage und unterhalten Sie sich.**

आप अपनी किसी एक यादगार यात्रा का वर्णन कीजिए।

**(b) Lesen Sie den Text.**

अन्नपूर्णा की यात्रा

25 अप्रैल, छठा दिन – काठमांडू से पोखरा लेखनाथ

आज शाम अँधेरा होते हुए हम बस से पोखरा पहुँचे। यात्रा में लगभग सात घंटे लगे। कहने को तो दोनों शहरों के बीच की दूरी मात्र दो सौ कि.मी. ही है, पर लहराते हुए पहाड़ी रास्तों पर एक पुरानी बस में जाने की वजह से इतना समय लगना कोई हैरानी की बात नहीं है। पर मर्स्यांगदी नदी के किनारे-किनारे चले रास्ते ने हमारा मन मोह लिया – जैसे प्रकृति की गोद में छिपा हुआ कोई एक स्वर्ग !

मैंने चलती हुई बस से बाहर हाथ निकालकर देखा और महसूस किया कि हवा में कितनी ठंडक थी। मौसम साफ़ था। चमकता हुआ सूरज आसमान में था, पर हल्की-सी भी गर्मी नहीं थी। हवा बहुत साफ़ थी। उत्तर की दिशा में दूर बादलों के पीछे अन्नपूर्णा के सफ़ेद, थोड़े नीले बर्फ़ीले पहाड़ दिख रहे थे। सच में देखने वाला परिदृश्य था। कैमरे से बस फ़ोटो खींचना ही काफ़ी नहीं होगा। नज़ारा इतना सुंदर, मानो आँखों को यकीन न हो !

**(c) Antworten Sie auf diese Fragen.**

1. बस कहाँ से कहाँ जा रही थी ?
2. काठमांडू से पोखरा की दूरी कितनी है ?
3. रास्ते में आनेवाली नदी का नाम क्या है ?
4. सफ़र के दौरान मौसम कैसा था ?

**(d) Stellen Sie selbst Fragen zum Text. Fassen Sie den Text dann in eigenen Worten zusammen.**

**(e) Bestimmen Sie alle Verbalkonstruktionen und erklären Sie ihre Verwendung.**

**(f) Übersetzen Sie den Text.**

**46.4** ***Aussehen und Kleidung* – Unterhalten Sie sich.**

- आपने आज क्या पहना हुआ है ?
- क्लास में मौजूद किसी एक व्यक्ति का बिना नाम लिए वर्णन कीजिए। बाकी लोग अंदाज़ा लगाएँ, कि किसके बारे में बात हो रही है।

**46.5** ***Gastfreundschaft***

**(a) Lesen Sie die Frage und unterhalten Sie sich.**

क्या आपके घर कभी कोई विदेश से मेहमान आया ?

**(b) Bestimmen Sie diese Nebenverbalkonstruktionen.**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पहुँचकर | देख | मुस्कराके | करके | करते-करते | पकड़े-पकड़े | आए |
| टूटी-फूटी | जाते वक़्त | घूमने (2x) | लेने | लगाने के लिए | चलने को | पूछने पर |

**(c) Ergänzen Sie den Text.**

हिदेतोशी

पिछली गर्मियों की बात है।

1. मैं घर के पास वाले बाज़ार सामान ________ पैदल आया हुआ था।
2. बाज़ार से घर ________ मुझे एक विदेशी मिला,
3. जो हाथ में दो बैग ________ इधर-उधर देख रहा था।
4. ________ पता चला कि वह तोक्यो से था
5. और एक महीने के लिए भारत ________ आया था।
6. हाथों से इशारे ________ ________ अंग्रेज़ी में उसने बताया,
7. कि वह रात को अपना टेंट ________ कोई जगह ढूँढ़ रहा था।
8. किसी को इतनी दूर से भारत ________ ________ ________ मैं बहुत खुश हुआ
9. और मैंने उसे साथ ________ पूछा।
10. उसने ________ मेरी पेशकश स्वीकार की
11. और हम बातें ________ साथ घर आ गए। हिदेतोशी हमारे घर दो हफ़्ते रहा।
12. तोक्यो ________ उसने हमें वहाँ से एक छोटा-सा पैकेट भी भेजा।

**(d) Bestimmen Sie diese Nebenverbalkonstruktionen.**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सुनकर | बनाकर | लगाकर | बिछी हुई | बैठे | चलती |
| टूटी-फूटी | भूलनेवाला | रहना | पहुँचने पर | देखने पर | |
| खाने पर | खाने के बाद | आने में | होने की वजह से | | |

**(e) Ergänzen Sie den Text.**

अतिथि देवो भव

जनवरी का महीना था।

1. ________ बस से बाहर ________ ज़्यादा कुछ नहीं दिखाई दे रहा था,
2. क्योंकि रास्ते में हर तरफ़ धुंध की गहरी सफ़ेद चादर सी ________ थी।
3. चंडीगढ़ ________ अभी कोई एक घंटा और था।
4. तब बगल में ________ एक सज्जन ने मुझसे पूछा कि मैं कहाँ से हूँ।
5. उनकी बात का मैंने ________ हिंदी में जवाब दिया।
6. वे मेरी थोड़ी-सी हिंदी ________ इतने प्रभावित हुए,
7. कि उन्होंने तभी के तभी अपनी पत्नी को फ़ोन ________ मेरे बारे में बताया।
8. चंडीगढ़ ________ उन्होंने मुझे अपने घर ________ बुलाया।
9. उनकी पत्नी ने हमारे लिए काफ़ी कुछ ________ रखा हुआ था।
10. रात के ________ हमारी बातें काफ़ी देर तक चलती रहीं।
11. जब मैं चलने लगा, तो उन्होंने मुझे बहुत रात ________ जाने नहीं दिया।
12. मेरे लिए उनके साथ ________ एक कभी न ________ अनुभव था।

**(f) Stellen Sie selbst Fragen zum Text.**

**(g) Fassen Sie den Text in eigenen Worten zusammen.**

46.6 *Mansa Mata*

(a) **Beschreiben Sie, was Sie auf dem Bild sehen.**



(b) **Verbinden Sie die Ausdrücke.**

| | |
|---|---|
| हरियाली | चमकना |
| बर्फ़ के पहाड़ | आसमान में छाना |
| बादल | बारिश के बाद निकलना |
| इंद्रधनुष | हर जगह फैलना |

(c) **Bilden Sie Sätze nach dem Beispiel.**

मनसा माता की यात्रा

| | | |
|---|---|---|
| जब मैं वहाँ पहुँचा, तो | *हर जगह हरियाली फैली हुई थी।* | / |
| शिखर से देखने पर | *हरियाली हर जगह फैली हुई नज़र आ रही थी।* | / |
| आज भी मुझे याद है | *वह हर जगह फैली हुई हरियाली।* | / |

(d) **Lesen Sie die Frage und sprechen Sie miteinander.**

किसी एक खास जगह के बारे में बताइए, जहाँ जाने पर आपके दिल को सुकून मिलता है।